Great Place To Work® Certified SEP 2025-SEP 2026 INDIA

कोल इण्डिया Coal India

A MAHARATNA COMPANY

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# कोल इण्डिया लिमिटेड

# COAL INDIA LIMITED

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

(एक महारत्न कंपनी)

## प्रबंधन प्रशिक्षुओं की भर्ती

**विज्ञापन संख्या: 03/2026**

**कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) -** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अधीन **(अनुसूची 'ए')** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की एक **महारत्न** कंपनी हैं, जिसका कॉर्पोरेट मुख्यालय कोलकाता में हैं, यह दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है जो भारत में कुल कोयला उत्पादन में लगभग **75%** का योगदान देती है। यह लगभग **2.12 लाख** की श्रमशक्ति के साथ देश के सबसे बड़े कॉर्पोरेट नियोक्ताओं में से एक है।

सीआईएल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। अब यह “कोयला से रसायन” व्यवसाय रणनीति के तहत अन्य कार्यक्षेत्रों में विविधता लाने और विस्तार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है, जो अधिक मूल्य संवर्धन सुनिश्चित करेगा और इस  तरह से हम परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार कर सकेंगे।

कोल इंडिया लिमिटेड अपने प्रतिभाशाली श्रमशक्ति को और मजबूत करने के लिए, उन  युवा, ऊर्जावान और होनहार व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता हैं, जो एक विविधतापूर्ण कंपनी में चुनौतीपूर्ण काम करने के  लिए तैयार हैं और एक स्थायी तरीके से कंपनी के परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विभिन्न संवर्गों में **ई-1 ग्रेड में प्रबंधन प्रशिक्षु** के पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से **ऑनलाइन आवेदन मोड के माध्यम से** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पर आधारित होगा।

### 1. महत्वपूर्ण तिथियाँ:

| गतिविधि | महत्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|
| आवेदन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरु होने की तिथि | 12-05- 2026 : 10.00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 11-06- 2026 : 18.00 बजे |

**नोट:**

**क. सीबीटी तिथि की जानकारी, सीबीटी हेतु जारी प्रवेश पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। प्रवेश पत्र व्यक्तिगत लॉगिन पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड हेतु उपलब्ध होगा।**

**ख.** कृपया ऑनलाइन आवेदन करते समय सीआईएल की वेबसाइट www.coalindia.in पर लॉगिन पोर्टल के पेज पर उपलब्ध विस्तृत दिशा-निर्देशों को अवश्य देखें। आवेदकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे इस भर्ती से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें, क्योंकि सभी नोटिस, चयन सूची आदि केवल सीआईएल की वेबसाइट पर "Career with CIL" टैब के अंतर्गत अपलोड किए जाएंगे।"

**ग.** उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि / समय तक प्रतीक्षा न करें और समय के भीतर अपने आवेदन को अच्छी तरह से पंजीकृत एवं जमा करें। यदि उम्मीदवार अंतिम समय की व्यस्तता/या ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने में किसी नेटवर्क समस्या/अन्य समस्याओं के कारण अपना आवेदन जमा करवाने में असमर्थ रहते हैं, तो सीआईएल इसका जिम्मेदार नहीं होगा।

**घ.** ऑनलाइन आवेदन भरते समय कोई भी प्रविष्टि करने या विकल्पों का चयन करने से पूर्व उम्मीदवारों को विज्ञापन में दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए।

## 2. योग्यता एवं पात्रता मानदंड:

| पोस्ट कोड | संवर्ग का नाम | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|
| 11 | सिविल | न्यूनतम 60% अंकों के साथ, इंजीनियरिंग की संबंधित शाखा में डिग्री |
| 12 | इलेक्ट्रिकल | न्यूनतम 60% अंकों के साथ, इंजीनियरिंग की संबंधित शाखा में डिग्री |
| 13 | मैकेनिकल | न्यूनतम 60% अंकों के साथ, इंजीनियरिंग की संबंधित शाखा में डिग्री |
| 14 | प्रणाली | कंप्यूटर साइंस / कंप्यूटर इंजीनियरिंग / आईटी में बी.ई / बी.टेक / बी.एससी (इंजीनियरिंग) में मान्यता प्राप्त प्रथम श्रेणी की डिग्री या एमसीए के साथ कोई प्रथम श्रेणी की डिग्री |
| 15 | ई एंड टी (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ, इंजीनियरिंग की संबंधित ब्रांच में बीई/ बी.टेक / बी.एससी (इंजीनियरिंग) । |
| 16 | भूविज्ञान (जियोलॉजी) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ, जियोलॉजी या अप्लाइड जियोलॉजी या जियोफिजिक्स या अप्लाइड जियोफिजिक्स में एम.एससी. / एम.टेक |
| 17 | औद्योगिक इंजीनियरिंग | न्यूनतम 60% अंकों के साथ, इंजीनियरिंग की संबंधित ब्रांच में डिग्री |
| 18 | राजभाषा (हिंदी) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ हिंदी में एमए, और 50% अंकों के साथ हिंदी तथा अंग्रेजी मुख्य विषयों के साथ स्नातक । |
| 19 | कंपनी सचिव | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक, जिन्होंने आईसीएसआई एसोसिएट / फेलो सदस्यता के साथ कंपनी सेक्रेटरी योग्यता हासिल कर ली हो।<br>उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने किसी सूचीबद्ध कंपनी में कार्य किया हो। |

**नोट:**

क. बी.ई./बी.टेक/बी.एससी (इंजीनियरिंग)/एमसीए/एम.एससी/एम.टेक भारत में किसी उपयुक्त वैधानिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा नियमित पूर्णकालिक पाठ्यक्रम की होनी चाहिए।

ख. ऑनलाइन/पत्राचार/या पार्ट-टाइम कोर्स अथवा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ODL) के माध्यम से गैर-तकनीकी विषय, अर्थात **हिंदी** में प्राप्त डिग्री को भी प्रबंधन प्रशिक्षु (यानी सीधी भर्ती) की भर्ती प्रक्रिया के लिए मान्य होगी; बशर्ते कि यह योग्यता केंद्र सरकार के पदों और सेवाओं में रोजगार के लिए संबंधित वैधानिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

ग. सामान्य (यूआर), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 60% हैं। एससी, एसटी और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के उम्मीदवारों के लिए, 5% की छूट देने के बाद न्यूनतम अर्हक अंक 55% है। सीजीपीए/जीपीए के मामले में, विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रतिशत में रूपांतरण प्रमाण पत्र को बिना किसी चूक के संलग्न किया जाना हैं।

घ. **परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी:**

i. वे उम्मीदवार जो वर्तमान में **शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के अंतिम सेमेस्टर / वर्ष / ट्राई-सेमेस्टर में न्यूनतम आवश्यक योग्यता की पढ़ाई कर रहे हैं**, वे आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते उन्हें **31.08.2026 तक अपने परिणाम आने की उम्मीद हो**। हालाँकि, उन पर अंकों का न्यूनतम मानदंड पूरी की गई डिग्री के लिए लागू होगा।

ii. अन्य आवश्यक दस्तावेजों के अलावा, अंतिम वर्ष / सेमेस्टर / ट्राइमेस्टर के उम्मीदवारों को अपनी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से संबंधित, अद्यतन वर्ष / सेमेस्टर / ट्राइमेस्टर तक की सभी मार्कशीट / अंकों की प्रतिलिपि अपलोड करनी होगी।

ङ. **इंजीनियरिंग की संबंधित शाखा पर स्पष्टीकरण :**

| **संवर्ग** | **पात्र शाखाएँ** |
|---|---|
| सिविल | सिविल इंजीनियरिंग;<br><br>सिविल इंजीनियरिंग किसी भी कॉम्बिनेशन के साथ, यूजी डिग्री सर्टिफिकेट के कॉम्बिनेशन के मामले में, कोर्स के नाम में "सिविल या सिविल इंजीनियरिंग" शब्द पहले आने चाहिए। |
| इलेक्ट्रिकल | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग; इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग।<br><br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग किसी भी कॉम्बिनेशन के साथ; यूजी डिग्री सर्टिफिकेट के कॉम्बिनेशन के मामले में, कोर्स के नाम में "इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग" शब्द पहले आने चाहिए। |
| मैकेनिकल | मैकेनिकल इंजीनियरिंग, माईनिंग मशीनरी;<br><br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग किसी भी कॉम्बिनेशन के साथ; यूजी डिग्री सर्टिफिकेट के कॉम्बिनेशन के मामले में, कोर्स के नाम में "मैकेनिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग" शब्द पहले आने चाहिए। |

| | |
|---|---|
| इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार | इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन; इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन; इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग; इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग |
| औद्योगिक इंजीनियरिंग | इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग; इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट; इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग; प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग; इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड ऑपरेशन रिसर्च |

**सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिस्टम, ईएंडटी, जियोलॉजी, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, हिंदी एवं कंपनी सेक्रेटरी संवर्गों में किसी विशेष योग्यता की स्वीकार्यता के बारे में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के मामले में, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।**

### 3. संभावित रिक्ति:

| संवर्ग | सामान्य (अनारक्षित) | ईडब्ल्यूएस | एससी | एसटी | ओबीसी (एनसीएल) | नई रिक्तियां | बैकलॉग रिक्तियाँ | बैकलॉग सहित कुल रिक्तियां | पद के लिए उपयुक्त विकलांगता की श्रेणी. जिसमें विकलांगता बैकलॉग वैकेंसी शामिल हैं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिविल (11) | 72 | 17 | 26 | 13 | 46 | 174 | ओबीसी (एनसीएल) -02 , एसटी-02<br><br>कुल -04 | 178 | (ए) एचएच-6<br>(बी) ओएच (ओए, ओएल, डीडब्ल्यू ) - 03<br>(सी) एसएलडी और (डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल हैं - 06 |
| इलेक्ट्रिकल (12) | 91 | 22 | 33 | 16 | 59 | 221 | शून्य | 221 | (ए) एचएच – 7<br>(बी) ओएच (ओएल, डीडब्ल्यू) – 3<br>(सी) एसएलडी और (डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल हैं -6 |
| मैकेनिकल (13) | 61 | 14 | 21 | 10 | 39 | 145 | शून्य | 145 | (ए) एचएच – 3<br>(बी) ओएच (ओएल, डीडब्ल्यू – 2<br>(सी) एसएलडी और (डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल हैं - 2 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रणाली (14) | 19 | 4 | 6 | 3 | 11 | 43 | शून्य | 43 | (ए)एलवी-15 (बी) एचएच-3 (सी) ओएच (ओए,ओएल,ओए एल, डीडब्ल्यू )-1 (डी) एएसडी (एम), (ई) एमडी जिसमें (ए) से (डी) शामिल हैं -0 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार ( 15) | 18 | 3 | 5 | 2 | 10 | 38 | शून्य | 38 | (ए) एचएच - 3 (बी) ओएच (ओएल, डीडब्ल्यू) - 0, (सी) एसएलडी और (डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) -2 शामिल हैं |
| भूविज्ञान (जियोलॉजी) (16) | 7 | 1 | 2 | 1 | 3 | 14 | एससी-1 | 15 | (ए) एचएच-0 (बी) ओएच (ओए, ओएल, डीडब्ल्यू) – 0 (सी) एसएलडी और (डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल हैं - 0 |
| औद्योगिक इंजीनियरिंग (17) | 4 | - | - | - | - | 4 | एससी-02, एसटी-01, ओबीसी (एनसीएल) -04<br><br>कुल -07 | 11 | (ए ) एचएच-0 (बी) ओएच (ए, ओएल, डीडब्ल्यू ) - 0 (सी) एसएलडी और (डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल हैं - 0 |
| राजभाषा (हिंदी) (18) | 3 | - | - | - | 1 | 4 | एसटी-01 | 05 | (ए) बी, एलवी-01, (बी) एचएच, (सी) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, डीडब्ल्यू -0, (डी) एसएलडी, (ई) एमडी जिसमें (ए) से (डी) शामिल हैं |
| कंपनी सचिव (19) | 3 | - | 1 | - | - | 4 | शून्य | 04 | (ए) एलवी-01, (बी) एचएच-0, (सी) ओएच(ओए, ओएल, ओएएल, डीडब्ल्यू ) -0, (डी) एमडी जिसमें |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | (ए) से (सी) शामिल हैं |
| कुल | 278 | 61 | 94 | 45 | 169 | 647 | 13 | 660** | 64* |

* कुल 64 रिक्तियां दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, जिनमें दिव्यांगों की बैकलॉग रिक्तियां भी शामिल हैं।

**उपर्युक्त रिक्ति अस्थायी है और आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि या कमी की जा सकती है।

**संक्षिप्त रूप:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| LV=कम दृष्टि | HH=सुनने में कठिनाई | OA= एक भुजा | OL=एक पैर |
| B = अंधा | BL= दोनों पैर | OAL= एक हाथ और एक पैर | BLOA= दोनों पैर और एक हाथ |
| Dw = बौनापन | ASD=ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (M=हल्का) | SLD=विशिष्ट अधिगम अक्षमता | एमडी=एकाधिक विकलांगताएं |

## 4. सामान्य शर्तें:

क) भारत के उपयुक्त वैधानिक प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक होना आवश्यक है।

ख) इंजीनियरिंग डिग्री/एम.टेक/एम. एससी/एमसीए नियमित पूर्णकालिक पाठ्यक्रम होना चाहिए।

ग) कुल अंतिम अंकों की गणना के उद्देश्य से, सभी वर्षों / सेमेस्टर / ट्राइमेस्टर के कुल अंकों को लिया जाएगा। प्रतिशत (%) का पूर्णांकन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा, इसलिए केवल 60% और उससे अधिक अंक ही माने जाएँगे, यानी 59.99% को भी योग्य नहीं माना जाएगा।

घ) सामान्य (यूआर), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम योग्यता अंक 60% हैं। एससी, एसटी और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के उम्मीदवारों के लिए, 5% की छूट देने के बाद न्यूनतम योग्यता अंक 55% है। सीजीपीए/जीपीए के मामले में, विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रतिशत में रूपांतरण प्रमाण पत्र को बिना किसी चूक के संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं। हालांकि, सीजीपीए से प्रतिशत रूपांतरण सूत्र साझा करने वाले उम्मीदवार की मार्कशीट स्वीकार्य है और इसे अपलोड किया जा सकता है।

ङ) **किसी भी विषय में किसी विशेष योग्यता की स्वीकार्यता के बारे में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के मामले में, सीआईएल के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।**

## 5. चयन प्रक्रिया:

क) चयन केवल कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। सीबीटी की तिथि के बारे में विवरण सीबीटी के प्रवेश पत्र के माध्यम से सूचित किया जाएगा। प्रवेश पत्र उम्मीदवार के व्यक्तिगत लॉगिन पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होगा और अंतिम चयन के लिए कोई साक्षात्कार आयोजित नहीं किया जाएगा।

ख) आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में प्रवेश **पूरी तरह से अनंतिम होगा।** यदि शॉर्टलिस्ट किया जाता है, तो उम्मीदवारी विवरण/दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगी और यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने गलत जानकारी / जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं / किसी तथ्य को छिपाया है या न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी बिना किसी आगे के संदर्भ के रद्द कर दी जाएगी।

ग) **परीक्षा आयोजन हेतु शहर**: कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा ऑनलाइन आवेदन में बताए गए परीक्षा शहरों में आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवार वरीयता के क्रम में तीन परीक्षा शहरों का चयन कर सकते हैं और ऑनलाइन फॉर्म जमा करने के बाद इसे बदला नहीं जा सकता। सीआईएल उम्मीदवार द्वारा चुने गए परीक्षा शहर के अलावा किसी अन्य परीक्षा शहर को आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सीआईएल आवेदकों की संख्या के आधार पर सूची से किसी भी शहर को जोड़ने या हटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

घ) **कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा:** कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा की अवधि 3 घंटे (एक बार में) की होगी जिसमें 100 अंकों के दो पेपर **(पेपर- I और पेपर- II)** होंगे। **पेपर- I** में सामान्य ज्ञान/जागरूकता, तर्क, संख्यात्मक क्षमता और सामान्य अंग्रेजी शामिल होगी और **पेपर- II** में व्यावसायिक ज्ञान (विषय/अनुशासन से संबंधित) शामिल होगा जिसमें प्रत्येक पेपर में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा और गलत उत्तर के लिए कोई दंड नहीं है। बिना प्रयास किए गए प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा। प्रश्न पत्र द्विभाषी होगा यानी केवल अंग्रेजी और हिंदी में। हालाँकि, हिंदी संस्करण में किसी भी त्रुटि के मामले में, प्रश्न का अंग्रेजी संस्करण वैध और अंतिम होगा। कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा के लिए अर्हक अंक निम्नानुसार होंगे:

| **कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में अर्हक अंक** | | |
|---|---|---|
| **सामान्य (यूआर) / ईडब्ल्यूएस** | **ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)** | **एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी** |
| प्रत्येक पेपर में न्यूनतम 40 अंक | प्रत्येक पेपर में न्यूनतम 35 अंक | प्रत्येक पेपर में न्यूनतम 30 अंक |

योग्य उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में उपस्थित होना आवश्यक है और यदि वे उपरोक्त मानदंडों के अनुसार कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए जाते हैं, तो उन्हें उनकी मेरिट के अनुसार पैनल में शामिल किया जाएगा। रिपोर्टिंग/जॉइनिंग न करने के कारण खाली रह गए रिक्त पदों को, डीओपीटी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मेरिट के अनुसार शेष श्रेणी-वार शॉर्टलिस्ट किए गए पैनल में से भरा जाएगा, जिसमें चयन के लिए नोटिस में दर्शाए गए अलग-अलग श्रेणी-वार कट-ऑफ होंगे, जिसका निर्णय सीआईएल प्रबंधन द्वारा चरणों में किया जाएगा जो अंतिम और बाध्यकारी है।

अंतिम मेरिट सूची केवल कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।
**सीएस संवर्ग के लिए:** यदि कुल अंकों में टाई (tie) होता है, तो उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने किसी सूचीबद्ध कंपनी में कार्य किया है।

रिक्तियों के लिए चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची सीआईएल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। इन उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) और प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षा (आईएमई) के बारे में सीआईएल वेबसाइट पर तथा केवल उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर ही सूचित किया जाएगा।

ड़) **अनापत्ति प्रमाण पत्र:** ऐसे उम्मीदवार जो सरकारी / पीएसयू / स्वायत्त निकायों में कार्यरत हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' (NOC) या NOC के लिए अपने नियोक्ता को दिए गए आवेदन की विधिवत रसीद वाली प्रति संलग्न करनी होगी; **अथवा** वे DV/IME के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत कर सकते हैं; या फिर उन्हें कार्यभार ग्रहण करते समय अपने वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त विधिवत **'कार्य-मुक्त आदेश'** प्रस्तुत करना होगा। सेवा-लाभों के हस्तांतरण संबंधी प्रक्रिया डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित होगी।

च) नियुक्ति का प्रस्ताव केवल डीवी एवं आईएमई के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ही जारी किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी क्षेत्र/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से उचित रिलीविंग लेटर जमा करना होगा।

छ) अभ्यर्थी को चयन के बाद अंतिम पोस्टिंग के लिए वरीयता क्रम में अनुषंगी कंपनी के चयन के लिए तीन विकल्प प्रस्तुत करने होंगे, लेकिन इस संबंध में अंतिम निर्णय अनुषंगी कंपनी में आवश्यकता और रिक्तियों पर आधारित होगा तथा इस संबंध में सीआईएल का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**6. आवेदन शुल्क:**

सामान्य (यूआर) / ओबीसी (क्रीमी लेयर और नॉन-क्रीमी लेयर) / ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को ₹ **1000 / - प्लस लागू जीएसटी - ₹ 180 / - कुल ₹ 1180 / - (केवल एक हजार एक सौ अस्सी रुपये) का गैर-वापसी शुल्क का भुगतान करना होगा।** अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी / ईएसएम उम्मीदवारों / कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। आवेदन शुल्क का भुगतान केवल **ऑनलाइन मोड** के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन शुल्क के भुगतान का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं होगा। यदि कोई उम्मीदवार किसी गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो सीआईएल इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा या किसी भी आगे की भर्ती गतिविधि के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सत्यापित कर लें। कृपया ध्यान दें कि सीआईएल उपर्युक्त आवेदन शुल्क के अलावा कोई अन्य शुल्क/फीस नहीं मांगता है।

**7. ऊपरी आयु सीमा:**

सामान्य (यूआर) और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए **30 अप्रैल 2026 तक ऊपरी आयु सीमा 30 वर्ष** है। ऊपरी आयु सीमा में श्रेणीवार छूट निम्नवत है:

i. ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) - 3 वर्ष
ii. एससी/एसटी - 5 वर्ष
iii. दिव्यांगजनों के लिए
   - सामान्य (यूआर) -10 वर्ष
   - ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) - 13 वर्ष
   - एससी/एसटी - 15 वर्ष

iv. भूतपूर्व सैनिकों (ईएसएम) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए छूट, भारत सरकार के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार लागू होगी।

**नोट:** अधिकतम आयु सीमा में छूट इस शर्त के अधीन है कि आवेदक की अधिकतम आयु निर्णायक तिथि यानी **30 अप्रैल 2026 को 56 वर्ष से अधिक नहीं** होगी। हालांकि, कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं होगी।

**8. आरक्षण और छूट :**

क) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर)/दिव्यांग (**विकलांगता का प्रतिशत - 40% या उससे अधिक**)/ईडब्ल्यूएस/ईएसएम उम्मीदवारों के लिए आरक्षण और छूट भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी। दिव्यांग/ईएसएम के लिए आरक्षण क्षैतिज आधार पर है।

सामान्य (यूआर) श्रेणी के पद के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) श्रेणी के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा और आवेदन शुल्क में छूट पर लाभ उठाने के अंतर्गत उन्हें सामान्य (यूआर) श्रेणी सदृश्य माना जाएगा।

ख) भूतपूर्व सैनिकों/1984 के दंगों में मारे गए लोगों के आश्रितों (1984 के आश्रितों/कार्रवाई में मारे गए रक्षा कर्मियों के आश्रितों (डीओडीपीकेआईए)) को आयु में छूट डीओपीटी के दिशानिर्देशों के अनुसार दी जाएगी।

ग) विभागीय उम्मीदवारों का अर्थ सीआईएल तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों के स्थायी कर्मचारी हैं, न कि कोई अन्य। उन्हें आवेदन पत्र में अपना पदनाम, एनईआईएस, पोस्टिंग का स्थान और कंपनी का उल्लेख करना चाहिए, और सक्षम प्राधिकारी / वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' (NOC) जमा करना होगा।

घ) **ओबीसी-एनसीएल श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए:**

1. उम्मीदवार की जाति और समुदाय का नाम संबंधित राज्य के "अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची" में होना चाहिए, जैसा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भारत सरकार और केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए अधिसूचित किया गया है। प्रमाण पत्र में उल्लिखित जाति का नाम ठीक उसी तरह लिखा जाना चाहिए जैसा कि केंद्रीय सूची में लिखा गया है।

2. उम्मीदवारों को भारत सरकार/केंद्रीय सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति में आरक्षण के उद्देश्य से लागू नवीनतम निर्धारित प्रारूप में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा **01.04.2026 को या उसके बाद** जारी किया गया वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, वे ओबीसी (एनसीएल) रियायत/आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को "सामान्य" श्रेणी के उम्मीदवार के रूप में आवेदन करना होगा।

ङ.) **एससी/एसटी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ पाने के लिए:**

1. उम्मीदवार की जाति का नाम संबंधित राज्य की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की

केंद्रीय सूची में होना चाहिए, जैसा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है।

2. जाति प्रमाण पत्र में जाति के नाम के साथ जारी करने की तिथि भी होनी चाहिए।
3. उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित अद्यतन प्रारूप के अनुसार अपना अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

च) **ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ पाने के लिए:**

1. अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण योजना के अंतर्गत कवर नहीं होना चाहिए तथा जिनके परिवार की सकल वार्षिक आय ₹ 8.00 लाख (केवल ₹ आठ लाख) से कम हो। आय में **वित्तीय वर्ष 2025-26** के लिए सभी स्रोतों से होने वाली आय शामिल होगी, जैसे वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा, आदि। इसके अलावा, जिन व्यक्तियों के परिवार के पास निम्नलिखित में से कोई भी संपत्ति है, उन्हें ईडब्ल्यूएस के रूप में पहचान किए जाने से बाहर रखा जाएगा, चाहे उनके परिवार की आय कुछ भी हो:-

   - 5 एकड़ या उससे अधिक कृषि भूमि ;
   - 1000 वर्ग फुट और उससे अधिक का आवासीय फ्लैट;
   - अधिसूचित नगर पालिकाओं में 100 वर्ग गज और उससे अधिक का आवासीय भूखंड;
   - अधिसूचित नगर पालिकाओं के अलावा दूसरे इलाकों में 200 वर्ग गज और उससे अधिक का आवासीय प्लॉट ।

2. ईडब्ल्यूएस स्थिति निर्धारित करने के लिए भूमि या संपत्ति धारण परीक्षण लागू करते समय एक “परिवार” द्वारा विभिन्न स्थानों या विभिन्न स्थानों/शहरों में रखी गई संपत्ति को एक साथ जोड़ दिया जाएगा।
3. इस प्रयोजन के लिए "परिवार" शब्द में आरक्षण का लाभ चाहने वाला व्यक्ति, उसके माता-पिता और 18 वर्ष से कम आयु के भाई-बहन तथा उसके पति/पत्नी और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे शामिल होंगे।
4. ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित में से किसी भी प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र को ही उम्मीदवार के ईडब्ल्यूएस से संबंधित होने के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा:

   - जिला मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर / उपायुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त / प्रथम श्रेणी वृत्तिकाग्राही मजिस्ट्रेट / उप मंडल मजिस्ट्रेट / तालुका मजिस्ट्रेट / कार्यपालक मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त।
   - मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट / अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट / प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
   - राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे का न हो और
   - उस क्षेत्र का उपखण्ड अधिकारी जहाँ उम्मीदवार और/या उसका परिवार सामान्य रूप से निवास करता है।

5. अभ्यर्थी द्वारा आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की निर्णायक तिथि को पद हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि माना जा सकता है।

6. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) से संबंधित उम्मीदवारों को, भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (DoPT) के दिनांक 31.01.19 के OM संख्या 36039/1/2019-Estt (Res) के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति जमा करनी होगी। उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी, **वित्त वर्ष 2025-26 की आय के आधार पर प्राप्त और वर्ष 2026-27 के लिए वैध,** आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों हेतु वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**इसे भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।**

**9. <u>अन्य विवरण:</u>**

क) **क्षतिपूर्ति / भुगतान:** चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान ₹ 60,000 - 1, 80,000/- के वेतनमान पर ₹ 60,000/- प्रति माह के प्रारंभिक मूल वेतन से **ई-1 ग्रेड में प्रबंधन प्रशिक्षु** के रूप में नियुक्त किया जाएगा। 1 वर्ष की ट्रेनिंग-सह-प्रोबेशन अवधि को सफलतापूर्वक और संतोषजनक ढंग से पूरा करने के बाद, उनकी सेवा **ई-1** ग्रेड में 'अधिकारी (संवर्ग)' के तौर पर स्थायी की जाएगी।
मूल वेतन के अलावा, उम्मीदवार महंगाई भत्ता, एचआरए, कैफेटेरिया एप्रोच के अधीन अनुलाभ और भत्ते तथा पद के लिए लागू निष्पादन संबंधित वेतन (पीआरपी) सहित अन्य भत्ते के भी हकदार होंगे। छुट्टी, चिकित्सा सुविधाएं, सीएमपीएफ, सीएमपीएस, ग्रेच्युटी, सीआईएल अधिकारी परिभाषित अंशदान पेंशन योजना आदि जैसे लाभ कंपनी के मौजूदा नियमों के अनुसार स्वीकार्य होंगे। वास्तविक पारिश्रमिक, पदस्थापना की जगह, कंपनी के वित्तीय निष्पादन तथा व्यक्तिगत कार्य निष्पादन रेटिंग के आधार पर भिन्न हो सकता है।

ख) **पदस्थापना:** उम्मीदवारों को कोयला क्षेत्र सहित अनुषंगी कंपनियों में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है। केवल भारत में कहीं भी सेवा करने के इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन करना चाहिए। हालांकि उम्मीदवारों को पोस्टिंग के लिए वरीयता क्रम में तीन विकल्प प्रस्तुत करने होंगे, लेकिन अंतिम पदस्थापना रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार होगी और इस संबंध में सीआईएल प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

ग) **सेवा अनुबंध बांड:** नियुक्त उम्मीदवारों को कंपनी में शामिल होने की तिथि से कम से कम 60 महीने तक कंपनी में सेवा करनी होगी। उम्मीदवारों को शामिल होने के समय ₹ 3 लाख (तीन लाख रुपये) का सेवा अनुबंध बांड निष्पादित करना होगा। बांड राशि के लिए प्रबंधन प्रशिक्षु के वेतन से 5000/- रुपये प्रति माह की राशि काटी जाएगी, जिसे 60 महीने की सेवा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जाएगा।

घ) **<u>चिकित्सा परीक्षण:</u>** नियुक्ति से पूर्व, चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की चिकित्सा उपस्थिति नियमों के अनुसार कंपनी की चिकित्सा समिति के समक्ष प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षा (आईएमई) से गुजरना होगा। चिकित्सा समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सीआईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध सीआईएल के चिकित्सा उपस्थिति नियम को देखें और यह सुनिश्चित करें कि वे चिकित्सा/शारीरिक

मानकों को पूरा करते हैं ताकि आईएमई में किसी भी प्रकार की निराशा से बचा जा सके।

**10.<u>आवेदन कैसे करें :</u>**

i. उम्मीदवार केवल सीआईएल वेबसाइट **<u>www.coalindia.in</u>** पर उपलब्ध ऑनलाइन मोड के माध्यम से **सीआईएल के साथ कैरियर के तहत >>>> कोल इंडिया में नौकरियां** अनुभाग में ऊपर बताए गए योग्यता और पात्रता मानदंड के अनुसार आवेदन कर सकेंगे।

ii. ऑनलाइन आवेदन करते समय, उम्मीदवार को निम्नलिखित **मूल दस्तावेजों की स्कैन की हुई/स्व-प्रमाणित प्रतियां** अपलोड करनी होंगी। कृपया ध्यान दें कि स्कैन किए गए दस्तावेज स्पष्ट और सुपाठ्य होने चाहिए; ऐसा न होने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

- हालिया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ **(jpg/jpeg फॉर्मेट में 3 सप्ताह से अधिक पुरानी नहीं**) की स्कैन की गई कॉपी।
- काली स्याही वाली कलम से हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति (**jpg/jpeg प्रारूप में**)।
- दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां (**पीडीएफ प्रारूप में**), निम्नानुसार: (**स्व-सत्यापित**)

a) आयु/जन्म तिथि के प्रमाण के समर्थन में मैट्रिकुलेशन / माध्यमिक बोर्ड स्तर के प्रमाण पत्र की प्रति।

b) उम्मीदवार की पात्रता सिद्ध करने के लिए, स्नातक/स्नातकोत्तर के सभी सेमेस्टरों / ट्राइमेस्टरों / वर्षों की मार्कशीट एक ही पीडीएफ फ़ाइल में।

c) स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए अंतिम/अनंतिम डिग्री/प्रमाण पत्र, जैसा भी लागू हो

d) अंतिम वर्ष / सेमेस्टर / ट्राइमेस्टर के उम्मीदवारों को प्रासंगिक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अपने अद्यतन वर्ष / सेमेस्टर / ट्राइमेस्टर मार्कशीट / अंक प्रतिलेख अपलोड करना होगा।

e) कंपनी सेक्रेटरी प्रमाण पत्र/आईसीएसआई का एसोसिएट सदस्य प्रमाण पत्र/आईसीएसआई का फेलो सदस्य प्रमाण पत्र।

f) सीएस विषय के लिए - किसी सूचीबद्ध कंपनी में काम करने का अनुभव प्रमाण पत्र।

g) सीजीपीए / जीपीए के मामले में, विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा जारी प्रतिशत में रूपांतरण प्रमाण पत्र बिना किसी चूक के अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना चाहिए। यदि मार्कशीट में रूपांतरण सूत्र दर्शाया गया है, तो उसे सीजीपीए / जीपीए रूपांतरण प्रमाण पत्र के स्थान पर अपलोड किया जाना चाहिए। सीजीपीए / जीपीए रूपांतरण प्रमाण पत्र न होने पर, विश्वविद्यालय / संस्थान के किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया, हासिल किए गए अंकों का प्रतिशत बताने वाला सर्टिफिकेट अटैच किया जा सकता है।

h) ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) / एससी / एसटी से संबंधित उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में वैध प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति अपलोड करनी होगी।

i) पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत जारी प्रमाण पत्र, तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी UDID कार्ड अपलोड करना अनिवार्य है।

परिशिष्ट-I और परिशिष्ट-II के निर्धारित प्रारूप में स्क्राइब प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय डाउनलोड किया जा सकता है, जिसे परीक्षण केंद्र में सीबीटी के दौरान जमा किया जाना है। हालांकि, जो उम्मीदवार स्क्राइब का उपयोग करेगा, उसे परीक्षा तिथि से दो दिन पहले ईमेल आईडी- mtrecruitment.cil@coalindia.in पर परिशिष्ट-I और परिशिष्ट-II की विधिवत भरी और हस्ताक्षरित स्कैन की गई प्रतियां भी भेजनी होंगी।

j) आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) से संबंधित उम्मीदवारों को DoPT, PPG&P मंत्रालय, भारत सरकार के OM संख्या 36039/1/2019-Estt (Res) दिनांक 31.01.19 के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध आय तथा संपत्ति प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित नवीनतम प्रति अपलोड करनी होगी। उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के समय, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी, **वित्त वर्ष 2025-26 की आय के आधार पर प्राप्त और वर्ष 2026-27 के लिए वैध**, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों हेतु वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा; ऐसा न करने पर EWS श्रेणी के तहत उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

k) भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवामुक्ति / सेवा प्रमाण पत्र।

l) वर्तमान में सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकाय में कार्यरत अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के बिंदु संख्या 5(ड.) में उल्लिखित अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) का दस्तावेज या एनओसी प्राप्त करने के लिए नियोक्ता को आवेदन की उचित रसीद की प्रतिलिपि अपलोड करनी होगी।

m) यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत पाई जाती है, तो बिना किसी आगे के संदर्भ के अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

n) अभ्यर्थी केवल एक संवर्ग (पद) के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकता है।

o) आवेदक, जो एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते हैं, उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि केवल उच्चतर "आवेदन अनुक्रम संख्या" वाले ऑनलाइन आवेदन पर ही सीआईएल द्वारा विचार किया जाएगा तथा एक "आवेदन अनुक्रम संख्या" के लिए भुगतान किया गया शुल्क किसी अन्य "आवेदन अनुक्रम संख्या" के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा।

p) ऑनलाइन आवेदन में आवश्यक/सुपाठ्य दस्तावेज संलग्न न करने पर आवेदन अपूर्ण माना जाएगा और सीधे खारिज कर दिया जाएगा।

q) विदेशी डिग्री धारकों के लिए, सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए वैधानिक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिए, ऐसा न करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। इस प्रमाण पत्र को संबंधित डिग्री प्रमाण पत्र के साथ मर्ज की गई पीडीएफ फाइल के रूप में अपलोड किया जाना चाहिए।

r) कृपया भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र और भुगतान पावती पर्ची का प्रिंटआउट सुरक्षित रखें। यह भी ध्यान रखें कि, अंतिम तिथि के बाद, लॉगिन पोर्टल आवेदन पत्र के प्रिंटआउट की अनुमति नहीं देगा।

s) कृपया आवेदन पत्र या किसी भी दस्तावेज की हार्ड कॉपी सीआईएल कार्यालय को न भेजें।

**नोट:** यदि कोई अतिरिक्त दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक हो, तो अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे उसे ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दिए गए किसी भी टैब में मर्ज किए गए पीडीएफ फाइल के रूप में अपलोड करें।

## 11. सामान्य जानकारी और निर्देश:

a) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

b) कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में उपस्थित होने पर किसी भी उम्मीदवार (एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी / ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार सहित) को कोई टीए / डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

c) यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी झूठी या गलत पाई जाती है या पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं है, तो उसकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या यहां तक कि भर्ती या कार्यभार ग्रहण करने के बाद भी बिना किसी सूचना के खारिज की जा सकती है।

d) सीआईएल कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए ऑनलाइन आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा और इसलिए, **उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है।** आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवश्यक योग्यता, आयु आदि की आवश्यकताओं को ध्यान से पढ़ें और खुद को संतुष्ट करें कि वे पद के लिए पात्र हैं। जब जांच की जाएगी और आवेदन में किया गया कोई भी दावा पुष्ट नहीं पाया जाता है, तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और सीआईएल का निर्णय अंतिम होगा।

e) उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद उसमें कोई संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन भरे गए डेटा और मूल प्रमाण पत्रों में कोई विसंगति पाई जाती है, तो ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इसलिए, ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले सही विवरण प्रस्तुत करने में अत्यधिक सावधानी बरती जानी चाहिए।

f) उम्मीदवारों के पास एक सक्रिय ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए जो कम से कम अगले एक साल तक वैध रहना चाहिए। उम्मीदवारों के साथ भविष्य में सभी संचार केवल उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से ही होंगे। उम्मीदवारों को अपने ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर की सटीकता सुनिश्चित करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन में घोषित ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

g) सवालों के लिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सीआईएल की वेबसाइट पर अपलोड किए गए **अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)** अनुभाग देखें।

h) सीआईएल बिना कोई नोटिस जारी किए या बिना कोई कारण बताए, यदि आवश्यक हो, तो भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/संशोधित/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

i) विज्ञापन में किसी प्रकार का संशोधन/सुधार/शुद्धिपत्र केवल सीआईएल की वेबसाइट www.coalindia.in पर ही दिया जाएगा।

j) उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे किसी भी समाचार पत्र में प्रदर्शित होने वाले जाली विज्ञापनों का जवाब न दें। किसी भी विज्ञापन की प्रामाणिकता के लिए उम्मीदवार सीआईएल की वेबसाइट www.coalindia.in पर ही देखें ।

k) उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध में सभी पत्राचार/घोषणाएँ केवल सीआईएल वेबसाइट www.coalindia.in पर ई-मेल/नोटिस के माध्यम से की जाएँगी। भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी केवल कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी और इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इसे अक्सर देखते रहें। एडमिट कार्ड, सूचना/संचार आदि प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य/गलत ईमेल आईडी या किसी अन्य कारण से भेजे गए ईमेल के किसी भी नुकसान के लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं होगी।

l) ऑनलाइन आवेदन भरने में उम्मीदवारों को किसी भी तरह की समस्या होने पर वे व्यक्तिगत लॉगिन पोर्टल में उपलब्ध **"हेल्प डेस्क विकल्प"** पर उल्लेख कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के अलावा अन्य प्रश्नों के लिए उम्मीदवार केवल ईमेल आईडी:mtrecruitment.cil@coalindia.in पर लिख सकते हैं।

m) कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा के पूरा होने के 03 दिनों के बाद उम्मीदवारों से टिप्पणियां / आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए, यदि कोई हो, सीआईएल की वेबसाइट पर प्रतिक्रिया क्वेरी प्रबंधन चालू किया जाएगा। आपत्ति प्रबंधन लिंक केवल 05 दिनों के लिए रखी जाएगी। किसी अन्य मोड के माध्यम से आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

n) कंपनी परिस्थितियों और आवश्यकता के आधार पर परीक्षा की तिथि और स्थान आदि को पुनर्निर्धारित करने या विज्ञापित शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

o) सीआईएल में उम्मीदवार की नियुक्ति निर्धारित अधिकारियों द्वारा चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन के अधीन होगी और यदि कोई विसंगति / छिपाव पाया जाता है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा और इस संबंध में सीआईएल का निर्णय अंतिम होगा।

p) उम्मीदवार द्वारा किसी भी रूप में समर्थन मांगने पर उसकी उम्मीदवारी अयोग्य मानी जाएगी।

q) यदि, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या बाद में, यह पाया जाता है कि, आवेदक ने:

   i) गलत जानकारी दी है या झूठे दस्तावेज़ जमा किए हैं या

ii) प्रासंगिक जानकारी दबा दी है या
iii) इस भर्ती के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है या
iv) चयन प्रक्रिया के दौरान अनुचित तरीकों का सहारा लिया हो या
v) प्रतिरूपण का दोषी पाया जाता है

उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है, उसके विरुद्ध मुकदमा चलाया जा सकता है तथा सीआईएल में भविष्य में किसी भी नियुक्ति के लिए उसे प्रतिबंधित किया जा सकता है तथा उसकी/ उसका आवेदन/ नियुक्ति तत्काल रद्द / अस्वीकृत कर दी जाएगी।

r) सीआईएल की भर्ती प्रक्रिया मजबूत और पारदर्शी है, जहां चयन मानदंड पूरी तरह से उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित होते हैं। सीआईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क नहीं मांगता है या धन जमा करने का अनुरोध नहीं करता है। सीआईएल नौकरी चाहने वालों से आग्रह करता है कि वे कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और सीआईएल में नौकरी के बदले भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संचार से गुमराह न हों। कंपनी ऐसी धोखाधड़ी गतिविधियों से होने वाली किसी भी हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।

s) आवश्यकता के आधार पर, कंपनी बिना किसी पूर्व सूचना के और बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/घटाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

t) यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

u) उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत भर्ती से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा केवल कोलकाता के अधिकार क्षेत्र में ही किया जाएगा।

**11.<u>सीआईएल का निर्णय अंतिम:</u>**

पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, गलत सूचना के लिए दंड, चयन का तरीका, परीक्षा का संचालन, परीक्षा केंद्रों का आवंटन, चयनित उम्मीदवारों का चयन और पोस्टिंग से संबंधित सभी मामलों में अध्यक्ष सीआईएल का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पूछताछ / पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**महाप्रबंधक (मानव संसाधन/भर्ती)**
कोल इंडिया लिमिटेड “कोल भवन”
परिसर सं. 04, एमएआर प्लॉट सं. एएफ-III, एक्शन एरिया – 1ए,
न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता – 700163
**दिनांक: 05.05.2026**
****************************************